10.09.2025

अपर लोक अभियोजक उपस्थित। अभियुक्तगण अरविन्द उर्फ गब्बर व रवि बलौदा जे.सी. से जरिए वी.सी. उपस्थित। शेष अभियुक्तगण अनुपस्थित। जिनकी हाजरी माफी का प्रार्थना पत्र पेश हुआ, जो आज के लिए स्वीकार किया गया। गवाह कोई उपस्थित नहीं है। गवाह संख्या-2, 9, 13 का दिनांक 26.09.2025 के लिए, गवाह संख्या- 14,15, 18 को दिनांक 03.10.2025 के लिए, गवाह संख्या-16, 19 को दिनांक 04.10.2025 के लिए तथा गवाह संख्या- 17 व द्वितीय सूची से गवाह संख्या-1 व 2 को दिनांक 06.10.2025 के लिए जरिए जमानतीय वारण्ट 5,000/- से तलब किया जावे। पत्रावली लक्षित प्रकरणों की सूची में 08 वें नंबर पर शुमार है व अभियुक्तगण न्यायिक अभिरक्षा में निरूद्ध हैं, जिसका शीघ्र निस्तारण अपेक्षित है। अतः गवाहान की तामील पत्र के साथ नोडल ऑफिसर, त्वरित अनुसंधान दल को भिजवायी जावे। वारण्ट पर गवाहान की तामील आवश्यक रूप से करवाए जाने का नोट अंकित किया जावे। पत्रावली वास्ते साक्ष्य अभियोजन दिनांक 26.09.2025 को पेश हो, तब तक अभियुक्तगण अरविन्द व रवि बलौदा की जे.सी. अवधि बढ़ाई जाती है।

अपर सैशन न्यायाधीश
संख्या-1, झुंझुनूं